तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 14 जनवरी 2026

11 विकास कार्यों की सौगात देने पहुंचे मुख्यमंत्री का भव्य...



12 रामायण मर्यादित जीवन जीने का आदर्श मार्ग : विधायक संगीता





**समारोह : देशभर से 15 हजार रोवर-रेंजर्स और स्काउट-गाइड्स की रही सहभागिता**

# प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी का समापन उपमुख्यमंत्री साव ने युवाओं को किया प्रेरित









हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दुखी, असहाय और निराश युवा जीवन में आगे नहीं बढ़ सकता, जबकि मानसिक रूप से मजबूत और ऊर्जा से भरा युवा हर चुनौती का सामना करते हुए देश और समाज को आगे ले जाने की क्षमता रखता है। आत्मसंयम, धैर्य, साहस और सेवा भाव से परिपूर्ण युवा ही समाज और राष्ट्र को नई दिशा दे सकता है।

उक्त बातें प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी का 13 जनवरी को जंबूरी का विदाई समारोह में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण, नगरीय प्रशासन एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अरुण साव ने कही। इस अवसर स्कूली शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, भारत स्काउट गाइड के राष्ट्रीय मुख्य आयुक्त डॉ. केके खण्डेलवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केपी मिश्रा, महासचिव जीपीआर सिंधिया, राज्य मुख्य आयुक्त इन्द्रजीत सिंह खालसा, जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, पूर्व विधायक प्रीतम साहू एवं वीरेन्द्र साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख एवं सौरभ लुनिया, अभिषेक शुक्ला एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा भारत स्काउट गाइड के निदेशक दर्शना पावस्कर, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल, ग्राम पंचायत दुधली के सरपंच पिलेश्वरी नेताम सहित अन्य जनप्रतिनिधियों भारत स्काउट गाइड के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में रोवर रेंजर्स, स्काउट गाइडर्स एवं आम नागरिकगण उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने अपने उद्बोधन की शुरूआत राम–राम एवं जय जोहार" से करते हुए कहा कि यह जंबूरी स्थल आज छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे देश के इतिहास में दर्ज हो गया है, जहाँ देश–विदेश से आए लगभग 15 हजार रोवर रेंजरों ने सहभागिता दर्ज कर भारत की एकता, विविधता और सांस्कृतिक समरसता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। साव ने कहा कि जंबूरी में शामिल होना सभी रोवर रेंजरों, स्काउट गाइडरों तथा आयोजन में शामिल सभी लोगों के लिए सबसे महत्वपूर्ण एवं यादगार पल साबित होगा। इस अवसर पर श्री साव ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित होकर आगे बढ़ने की भी अपील की। उन्होंने राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती का उल्लेख करते हुए युवाओं से उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे युवा साथी इस आयोजन के माध्यम ▶▶|शेष पेज 10 पर

**अतिथियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर राज्यों को अवार्ड प्रदान किए**





**ऊर्जावान युवा ही राष्ट्र को देंगे नई दिशा**

यह आयोजन बदलते भारत, विकसित भारत और युवा शक्ति के उदय का जीवंत प्रमाण है। उन्होंने कहा कि ग्राम दुधली में जंबूरी का आयोजन युवा नेतृत्व निर्माण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि पाँच दिनों तक चले इस जंबूरी में युवाओं ने अनुशासन, सेवा, सहयोग, नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व के जो अनुभव प्राप्त किए हैं, वे उनके जीवन की अमूल्य पूंजी हैं। उन्होंने कहा कि यहाँ से जो ऊर्जा, संस्कार और आत्मविश्वास लेकर युवा लौट रहे हैं, वही भविष्य में राष्ट्र निर्माण की मजबूत आधारशिला बनेगा। यह जंबूरी केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने का सशक्त मंच सिद्ध हुआ है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा नेताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से की भेंट



**बालोद।** छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश के अध्यक्ष किरण सिंह देव जी के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश के प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने साथी महामंत्री अखिलेश सोनी एवं नवीन मार्कंडेय के साथ नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से दिल्ली में मुलाकात कर, उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त होने पर नियुक्त होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नितिन नवीन ने छत्तीसगढ़ संगठन कार्यों की जानकारी लेते हुए संघटनात्मक चर्चा की। अपने दिल्ली प्रवास में भाजपा पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह एवं सरोज पांडेय से मुलाकात कर प्रदेश की संगठन गतिविधियों एवं कार्यक्रमों से अवगत कराया।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**डौंडीलोहारा।** अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान खम्मन लाल सिन्हा (52 वर्ष), निवासी ग्राम परसतराई (अर्जुन्दा) के रूप में हुई है। यह हादसा रविवार रात्रि करीब आठ बजे ग्राम खैरीडीह के पास मुख्य मार्ग पर हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार खम्मन लाल सिन्हा अपनी बाइक से कहीं जा रहे थे, इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार के कमर के नीचे के हिस्से में गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच विवेचना शुरू कर दी है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा वाहन की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। इस हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण और सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

### ग्राम अड़जाल में 7.35 लाख की सीसी सड़क का किया भूमिपूजन



**कुसुमकसा।** कुसुमकसा भाजपा मंडल के अंतर्गत ग्राम पंचायत अड़जाल में जिला खनिज न्यास की राशि से 7 लाख 35 हजार रुपये की लागत से बनने वाली सीसी सड़क का भूमिपूजन भाजपा अड़जाल बूथ अध्यक्ष ललित पटेल के करकमलों से पूजा-अर्चना करके संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी पूंजी उसके कार्यकर्ता हैं। इसलिए कुसुमकसा मंडल में होने वाले सभी विकास कार्यों का भूमि पूजन संबंधित ग्राम के बूथ अध्यक्ष और शक्ति केंद्र प्रभारी के करकमलों से ही किया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में मंडल के उपाध्यक्ष हितेश साहू, महामंत्री मितेन्द्र वैष्णव, पोषण भुआर्य शक्ति केंद्र प्रभारी मंजू चकधारी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनीता कुमेटी, ग्राम पंचायत के सरपंच गीता बाई भंडारी, पूर्व सरपंच देवेंद्र सिन्द्रामे, पूर्व जनपद सदस्य बेलसिंह रावत, ग्राम पंचायत ▶▶|शेष पेज 10 पर

# राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी के दौरान 20 हजार लोगों ने ली बाल विवाह मुक्ति शपथ, विश्व रिकार्ड दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम दुधली में आयोजित देश का प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी का सफल एवं बेहतरीन आयोजन से बालोद जिले को मिल रही लगातार उपलब्धियों की श्रृंखला में एक और कड़ी को जोड़ने का कार्य किया है। आयोजित राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी के समापन अवसर में उपस्थित 20 हजार लोगों को बाल विवाह मुक्ति के कार्य में सहभागिता सुनिश्चित करने के संबंध में शपथ लेकर विश्व रिकार्ड बनाया।

मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम में उपस्थित रोवर रेंजरों, स्काउटर गाइडर्स सहित कार्यक्रम में शामिल जनप्रतिनिधियों, अधिकारी–कर्मचारियों एवं उपस्थित जन समुदाय को बाल विवाह की रोकथाम हेतु सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बालोद जिले में बाल विवाह की रोकथाम हेतु बालोद जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने बाल विवाह की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने तथा अपने घर, परिवार, जान–पहचान, रिश्तेदार एवं पास–पड़ोस के लोगों को बाल विवाह की दुष्प्रभावों की जानकारी देकर इस सामाजिक कुरीति को रोकने में भूमिका दिलाने की शपथ ली। मुख्यमंत्री साय ने कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा को बाल विवाह मुक्त अभियान में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु एक साथ 20 हजार लोगों के शपथ लेने पर बालोद जिले का नाम गोल्डन बूक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्र्स में दर्ज होने पर प्रमाण पत्र प्रदान किया। साय ने बालोद जिले को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास करने के लिए कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा को मेडल पहनाकर सम्मानित भी किया।

इस अवसर पर स्कूली शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग, भारत स्काउट गाइड के मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त केके खण्डेलवाल, राष्ट्रीय महासचिव पीजीआर सिंधिया, भारत स्काउट गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा, छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, भारत स्काउट गाइड के जिला मुख्य ▶▶|शेष पेज 10 पर





**गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज नाम**

# गुरुर में राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वस्थ जीवन शैली विषयक कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुरुर के तत्वधान में युवा प्रभाग ब्रह्मा कुमारीज की तरफ से राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में स्वस्थ जीवन शैली विषय पर ज्ञान ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल बोरतरा में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें विद्यालय के प्रिंसिपल पीएल बनपेला, मैनेजर पूरनलाल यादव, अध्यापक नेताम, विद्यालय के टीचर्स स्टॉफ ब्रह्माकुमारी सरस बहन, ब्रह्माकुमारी प्रिय बहन, बीके नंदकुमार साहू, रिटायर्ड शिक्षा अधिकारी विद्यालय के विद्यार्थी गन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना तथा विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। उसके पश्चात ब्रह्माकुमारी सरस बहन ने बच्चों को स्वास्थ जीवन शैली विषय पर उद्बोधन में कहा स्वस्थ जीवन सफलता का मूल आधार है इसलिए अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें अपनी दिनचर्या व्यवस्थित रखे क्योंकि हमारा जीवन परमात्मा के द्वारा दिया गया अमूल्य उपहार है हमारा जीवन बेश कीमती डब्ल्यूएचओ की माने तो हमारा यह शरीर 220 करोड़ का है। उनकी संभाल करें आज की युवा पीढ़ी अपनी शक्तियों को फैशन व्यसन और गलत दिनचर्या में बर्बाद कर रहा है अपनी शक्तियों को पहचानी और राष्ट्र के नवनिर्माण में अपना योगदान दे। स्वामी विवेकानंद ने संत होते हुए भी समाज राष्ट्र और विश्व के लिए जो योगदान दिया विवेकानंद एक इतिहास नहीं बल्कि आज हर युवा को विवेकानंद जैसा बनने की आवश्यकता है तभी एक सुंदर सुदृढ़ राष्ट्र का ▶▶|शेष पेज 10 पर

**एसआईआर सूची की समीक्षा एवं मतदाता नामांकन की जानकारी**

# महाविद्यालय जामगांव में मतदान जागरुकता कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

- स्वीप एवं रासेयो प्रभारी ने फॉर्म भरने और वेबसाइट की जानकारी दी

शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर में नए वर्ष में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों तथा एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य हेतु विद्यार्थियों के लिए स्वीप तथा राष्ट्रीय सेवा योजना समिति द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में शासन के द्वारा निर्धारित एवं नियुक्त जामगांव आर क्षेत्र की बीएलओ मोहिनी मस्के ने विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता हेतु प्रेरित करते हुए उन्हें फॉर्म नंबर 6 प्रदान किया और सभी संलग्न किए जा सकने वाले डॉक्यूमेंट की जानकारी दी। इसके साथ ही एसआईआर के द्वारा अपनी मतदाता सूची के पुनरीक्षण की जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल ने एक एक वोट का महत्व बताते हुए बिना समय गंवाए इस कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए प्रेरित किया और निर्देशित किया। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान प्रभारी एश्वर्य ठाकुर ने एसआईआर के महत्व को समझाया और बताया कि सरकार की नीतियों के लाभ के लिए लोकतांत्रिक व्यवस्था में भाग लेना आवश्यक है।





स्वीप एवं रासेयो प्रभारी चेतना सोनी ने सभी विद्यार्थियों को फॉर्म की प्रक्रिया, वेबसाइट, एसआईआर लिस्ट देखने संबंधित जानकारी दी। इसके बाद विज्ञान और वाणिज्य के रासेयो विद्यार्थियों ने मतदान जागरूकता पर बहुत सुंदर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। साल 18 पूरे है तो फॉर्म नंबर 6 जरूरी है, जैसे स्लोगन लिख कर मतदान जागरूकता प्रतियोगिता में भाग लिया। साथ ही विद्यार्थियों ने मतदान और एड्स जागरूकता पर किए नुक्कड़ नाटक में अपनी प्रतिभा के आधार पर शैल देवी अंडा महाविद्यालय में आयोजित प्रिरंग फेस्ट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों में भूमिका, तेजस्वी, तोषीका, मोहिनी, दुर्गेश का प्रमुख योगदान रहा। महाविद्यालय प्राचार्य ने कॉलेज का नाम रोशन करने वाले इन विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए पुरस्कार प्रदान किया।

# 5.760 बल्क लीटर अवैध शराब के साथ दो महिलाएं गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

थाना अंडा क्षेत्र अंतर्गत में अवैध शराब के कारोबार पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में महिलाओं को गिरफ्तार कर देशी मदिरा जब्त की है। दोनों ही मामलों में आबकारी अधिनियम की गंभीर धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

थाना प्रभारी अंडा पारस राम ठाकुर के मार्गदर्शन से उपनिरिक्षक तुलसी राम साहू व स्टाफ बल दल के साथ 12 जनवरी को पुलिस द्वारा आरोपीया कामिन बाई साहू, पति उजियार साहू, उम्र 70 वर्ष, निवासी इंदिरा आवास विनायकपुर, थाना अंडा, जिला दुर्ग के कब्जे से 32 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद की गई। प्रत्येक पौवा में 180 एमएल शराब भरी हुई थी, जिस पर छत्तीसगढ़ शासन की वैध पर्ची लगी हुई थी। कुल जब्त शराब की मात्रा 5.760 बल्क लीटर एवं अनुमानित कीमत 2560 रुपये आंकी गई। शराब को गवाहों के समक्ष जप्ती पत्रक के ▶▶|शेष पेज 10 पर

# आध्यात्मिकता और संस्कृति से जुड़कर ही युवा अपने जीवन को बना सकते हैं सार्थक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर भाजपा नेता व श्रीराम जन्मोत्सव समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने सेक्टर-6 स्थित कालीबाड़ी पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मनीष पाण्डेय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपने विचारों और जीवन दर्शन से युवाओं को आत्मविश्वास, राष्ट्रभक्ति और सेवा भाव का संदेश दिया। इस दौरान पाण्डेय ने कालीबाड़ी मंदिर में भगवान के दर्शन किया। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता और संस्कृति से जुड़कर ही युवा अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, पश्चिम मंडल अध्यक्ष गोल्डी सोनी, तिलकराज यादव, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सौरभ जायसवाल सहित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर ट्विनसिटी में हुए विविध आयोजन



### वार्ड 25 आशीष नगर रिसाली में विवेकानंद जयंती मनाई



भिलाई। वार्ड 25 आशीष नगर रिसाली में युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर माल्यारोपण कर उन्हें याद किया गया। उपस्थित लोगों ने उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समाजसेवी सोनू राम सिंह, रिसाली मंडल अध्यक्ष एकनाथ अनुपम साहू, पार्षद मनीष यादव, लेख राम वर्मा, कल्याण सिंह साहू, परमेश्वर महिलांग,लखन साहू, शकुंतला यादव,चमेली सिन्हा, शकुंतला दास, ललिता सिंह, मंदीप प्रसाद, आदि उपस्थित थे।

### विवेकानंद के विचारों से राष्ट्रभाव का संचार



भिलाई। डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय महाविद्यालय, भिलाई-3 में राष्ट्रीय युवा दिवस असौ स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर श्रद्धा, उत्साह व प्रेरणादायी वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सहमंत्री हिमांशु कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अश्विनी महाजन ने की। मंच संचालन डे साहब साहू नगर मंत्री भिलाई 3 ने किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस जैसे आयोजन विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं नैतिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात कर युवा अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। मुख्य वक्ता हिमांशु कौशिक ने स्वामी विवेकानंद को भारत की सनातन परंपरा को पूरे विश्व में पहुंचाने वाला महान विचारक बताया। इस कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गजानंद साहू , नेतृत्व वर्मा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### स्वामी विवेकानंद का जीवन दर्शन आज के युवाओं को देता है मार्गदर्शन

दुर्ग। युवाओं के प्ररणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर दुर्ग



शहर में स्वामी विवेकानंद सभागार पद्मनाभपुर दुर्ग तथा साइंस कॉलेज दुर्ग परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर दीपदान, पुष्प समर्पण, मार्त्यापण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यक्रम संचालक संकल्प समर्पित सेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष ब्रम्हा तिवारी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन दर्शन आज के युवाओं के लिए मार्गदर्शन देता हैं। कार्यक्रम में प्रहलाद निर्मलकर, अरबाज कुरैशी, भूपेन्द्र माण्डले, याशिन खान, इन्द्रजीत चंद्राकर, शुभम सोनी, ईशु साहू, भारत भूषण, देवव्रत वर्मा, तरुण साहू आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### शव मिला, पुलिस ने की शिनाख्त

भिलाई। रविवार देर रात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि युवक का नाम सूर्यकांत देवांगन धमतरी निवासी है। मानसिक रुप से बीमार था। शव जियो पेट्रोल पंप के पास पड़ा मिला। शव को पीएम के लिए पुलिस ने भेज दिया और देर रात शव का शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी गई। पीएम होने के बाद सूर्यकांत की मौत हार्ट अटैक से होना बताया गया है। युवक की उम्र 30 वर्ष है। घटनास्थल पर युवक की शर्ट खुली हुई थी और बेल्ट भी खुली मिली। शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट के निशान नहीं पाए गए थे।

### ब्लास्ट फर्नेस 4 ने हॉट मेटल उत्पादन में रचा कीर्तिमान

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस 4 को उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हॉट मेटल उत्पादन का अब तक का अपना सर्वोच्च रिकॉर्ड बनाया। इस दिन फर्नेस ने 3,152 टन हॉट मेटल का उत्पादन दर्ज किया, जो दिसंबर, 2025 को बनाये गए 3,101 टन के अपने पूर्वतम सर्वश्रेष्ठ उत्पादन के रिकॉर्ड को पार कर गया। उत्पादन के रिकार्ड पर ब्लास्ट फर्नेस 4 में एफएफसीआर में केक काटकर मनाया गया। मुख्य महाप्रबंधक राहुल श्रीवास्तव और कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक श्रीनिवास गुज्जू आदि उपस्थित थे। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि ब्लास्ट फर्नेस4 के प्रदर्शन में दिखाई दे रही लगातार वृद्धि प्रशंसनीय है।

## सेक्टर 4 में सीटू के सम्मेलन में कई अहम प्रस्ताव पारित

# बीएसपी के निजीकरण सहित श्रम संहिता के खिलाफ तेज होगी श्रमिकों की लड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

**हड़ताल के लिए कर्मचारियों और मजदूरों को करेंगे एकजुट, नहीं होने देंगे से.9 हॉस्पिटल का निजीकरण**





हिंदुस्तान स्टील एम्पलाइज यूनियन सीटू का सामान्य सम्मेलन इस्पात क्लब सेक्टर 4 में आयोजित किया गया। सम्मेलन में सीटू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तपन सेन सहित यूनियन के स्थानीय पदाधिकारी व अनेक सदस्य उपस्थित थे। सम्मेलन में सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण और सेल कर्मियों के वेतन समझौत सहित कई मुद्दों को लेकर अनेक अहम प्रस्ताव पारित किये गए। केंद्र सरकार पर दबाव बनाने के लिए 12 फरवरी को अखिल भारतीय हड़ताल का समर्थन कर सफल बनाने पर जोर दिया गया।

सम्मेलन में यूनियन नेताओं ने पारित सभी प्रस्तावों पर अमल कराने के लिए मजदूरों व लोगों को एकजुट करने की अपील की। सेल कर्मियो के अपूर्ण वेतन समझौता को जल्द पूर्ण करने, केंद्र सरकार के मजदूर विरोधी लेबर कोड की वापसी, सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण के मुद्दों को लेकर संघर्ष तेज करने के प्रस्ताव पारित किए गए। साथत ही वेतन समझौता सहित लंबित मुद्दों को जल्द एनजेसीएस बैठक बुलाकर निदान की मांग की गई।अफॉर्डेबिलिटी क्लॉज और एनजेसीएस के सर्वसम्मति के परिपाटी को ताक पर रखकर एमओयू में तीन यूनियनों द्वारा किए गए हस्ताक्षर का सहारा लेकर प्रबंधन 39 महीने के एरियर्स को देने से मना कर रहा है और इस समझौता यहीं समाप्त कर अगले वेतन समझौता के बारे में बातचीत शुरु करने की की बात कर रहा है।। प्रबंधन के इस बात को मान लेने से हमेशा के लिए एरियर्स और अन्य सुविधाओं से कर्मियों को हाथ धोना पड़ेगा।

लेबर कोड के अधिसूचित होने के साथ ही आने वाले दिनों में वेतन समझौता के लिए बनाई गई द्विपक्षीय वार्ता समितियां भी खतरे में पड़ जाएगी। सम्मेलन में सरकार और प्रबंधन के मजदूर विरोधी निर्णय के खिलाफ 12 फरवरी को प्रस्तावित अखिल भारतीय हड़ताल के संदेश को हर कर्मी तक पहुंचाने और उसे सफल बनाने के लिए हर तरह से कार्य करने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन में सीटू महासचिव जगन्नाथ त्रिवेदी, पूर्व अध्यक्ष एसपी डे ,महासचिव डीवीएस रेड्डी सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।

### मजदूर विरोधी है श्रम संहिता

श्रम संहिता के लागू होते ही 80% मजदूर श्रम कानूनों के दायरे से बाहर होने के साथ फैक्ट्री की परिभाषा बदल जाएगी। न्यूनतम वेतन की गारंटी खत्म हो जाएगी। महिलाओं को रात्रि पाली में भी काम करने के लिए मजबूर किया जाएगा। मजदूरसामाजिक सुरक्षा से दूर होते चले जाएंगे। काम के घंटे की परिभाषा बदलते हुए 12 घंटा काम करवाने को कानूनी मान्यता मिल जाएगा। मजदूर गुलामी की तरफ बढ़ जाएगा।

### बीएसपी में आउटसोर्सिंग बंद हो

सम्मेलन में बीएसपी के कई विभागों तथा अस्पताल, स्कूल, मैत्री गार्डन जैसे वेलफेयर इकाइयों के आउटसोर्सिंग कर निजीकरण के तरफ ले जाने का विरोध किया गया है। सीटू नेताओं ने बताया कि बीएसपी में वर्तमान में मात्र 10000 कर्मचारी ही बचे हैं। 25000 से ज्यादा ठेका श्रमिक संयंत्र में काम कर रहे हैं। प्रबंधन धीरे-धीरे संयंत्र के अंदर अलग अलग विभागों के कुछ हिस्से को आउटसोर्स में देना प्रारंभ किया है । पूरे संयंत्र को ही निजी हाथों में देने की तरफ बढ़ाया जा रहा है। निजीकरण के खिलाफ लोगों को संगठित करते हुए मजबूती से संघर्ष चलाने का निर्णय लिया गया।

## विद्यार्थियों ने मनमोहक चित्रों से सुरक्षा जागरुकता का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा सेक्टर 8 स्थित सुनीति उद्यान में वार्षिक सुरक्षा ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार थे। अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक डी सतपथी ने की। इस अवसर पर सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग के महाप्रबंधक प्रभारी एसके अग्रवाल, महाप्रबंधक एस सुनोव, पीएम राजेन्द्र कुमार, बीआर पांडा, यूवी सुभद्रा, जे.टी. दासन व एसके महतो आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के स्कूली बच्चों, विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों तथा अभिभावकों/पालकों सहित 1200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। ड्राइंग एवं पेंटिंग के विषय एक्सटेम्पोर प्रकृति के रहे, जिन्हें स्थल पर ही घोषित किया गया। ड्राइंग शीट्स सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गईं।

## पेज 9 के शेष...

### प्रथम राष्ट्रीय रोवर...

से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को साकार करेंगे। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं के सामर्थ्य पर विश्वास जताते हुए भारत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। आज का भारत अपने युवाओं के दम पर आत्मनिर्भर बन रहा है और आने वाले समय में भारत का युवा पूरी दुनिया का नेतृत्व करेगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवा मेहनती, संस्कारवान और प्रतिभाशाली हैं, उन्होंने "छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया" का नारा भी लगवाया। साव ने कहा कि जंबूरी का आयोजन 'एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को भी साकार करता है। अरुण साव ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में प्रतिभागियों का सुचारु संचालन, प्रशासनिक दक्षता और टीमवर्क का उत्कृष्ट उदाहरण है। उल्लेखनीय है कि प्रथम रोवर रेंजर जंबूरी का आयोजन बालोद जिले में 09 जनवरी से 13 जनवरी तक किया गया, जिसमें देशभर से आए बच्चों ने एक–दूसरे की संस्कृति, परंपरा और जीवन मूल्यों को समझते हुए सेवा, अनुशासन, मित्रता और देशभक्ति की भावना को आत्मसात किया। स्काउट एवं गाइड सदस्यों ने जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लेते हुए राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा जंबूरी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का अवार्ड राजस्थान को, चीफ कमिश्नर का अवार्ड (स्काउट) हरियाणा और उड़ीसा को संयुक्त रूप से तथा चीफ कमिश्नर (गाइड) का अवार्ड उत्तरप्रदेश राज्य को प्रदान किया गया।

### राष्ट्रीय रोवर रेंजर...

आयुक्त राकेश यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, सौरभ लुनिया, नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी सहित स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, दुर्ग संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल, ग्राम पंचायत दुधली सरपंच पिलेश्वरी नेताम एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक तथा देश के विभिन्न राज्यों के रोवर रेंजर, स्काउट गाइड्स एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### गुरुर में राष्ट्रीय...

निर्माण हम कर सकते हैं केवल हमें ऐसे महान पुरुषों को आदर्श मानकर उनके बताए मार्ग पर चलना होगा। पीएल बनपेला जीने कहा कि आज का दिन याद दिलाता है युवाओं को एक नई ऊर्जा एक नई शक्ति के रूप में विश्व के आगे अपने को प्रत्यक्ष करना होगा विवेकानंद आदर्श हैं जो युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है युवा वह जो काल की चाल को बदल दें अपने जीवन में कभी भी निराशा को नहीं आने दे हमेशा आशावादी बनकर रहे निरंतरता को अपनाए तो सफलता निश्चित है। अपनी शक्तियों को सकारात्मक कार्यों में लगाएं।

### ग्राम अड़जाल में ...

के पंचगण और अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने सड़क निर्माण कार्य के शीघ्र प्रारंभ होने की कामना की और इसे क्षेत्रीय विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### 5.760 बल्क...

अनुसार सीलबंद कर पुलिस कब्जे में लिया गया तथा परीक्षण हेतु सुरक्षित किया गया। आरोपीया का कृत्य अपराध क्रमांक 06/2026, धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने पर, अपराध अजमानतीय होने से माननीय न्यायालय से न्यायिक रिमांड प्राप्त किया गया है। प्रकरण की विवेचना जारी है। **दूसरा मामला**- इसी दिन थाना अंडा में पदस्थ दिवस अधिकारी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सुनीता खरे नामक महिला अवैध रूप से शराब का विक्रय कर रही है। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए गवाहों के साथ मौके पर दबिश दी गई। तलाशी के दौरान आरोपीया के पास से विक्रय की राशि 400 रुपये नगद बरामद हुई। इसके पश्चात घर के पीछे खेत की तलाशी लेने पर एक सफेद प्लास्टिक बोरी में 33 पौवा देशी मदिरा 'सोले' कांच की शीशियों में पाई गई। प्रत्येक शीशी 180 एमएल क्षमता की थी, जिन पर बैच नंबर 066 अंकित था। जब्त शराब की कुल मात्रा 5.940 बल्क लीटर एवं कीमत 2640 रुपये आंकी गई। मौके पर बरामदगी पंचनामा एवं जप्ती पत्रक तैयार कर शराब को सीलबंद किया गया। आरोपीया शराब रखने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सकी। आरोपीया के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर 12 जनवरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी की सूच ा परिजनों को दी गई तथा स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत आरोपीया को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। पुलिस द्वारा दोनों मामलों में आगे की विवेचना जारी है।

## हेमचंद विवि बॉस्केट बाल टीम अभा स्पर्धा के लिए क्वालीफाई




भिलाई। कोलकाता में हुए ईजेडआईयू इंटर यूनिवर्सिटी बास्केट बाल टूर्नामेंट में हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी पुरुष ने फायनल जीत कर आल इंडिया ईस्ट जोन बास्केट बाल पुरुष टीम इंटर जोनल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया है। विजेता टीम के खिलाड़ियों में कप्तान प्रणय तिवारी सहित विशाल सिंह शेख अरमान अली अमृत सिंह, यश राय, निकोलस, आयुष्मान सिंह, शिवम दुबे, प्रशांत पति, त्रिपाठी, तुषार, नमन निरवाल और यश साहू शामिल थे। कोच पंकज पांडेय व मैनेजर कैलाश नारायण वर्मा थे। प्रतियोगिता में द्वितीय यूनिवर्सिटी आफ कोलकाता व तीसरा स्थान संबलपुर विवि को मिला।

### निर्यात कर के नोटिस से उद्योग जगत में असमंजस और चिंता का वातावरण

भिलाई। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के अध्यक्ष सतीश थौरानी, महामंत्री अजय भसीन और भिलाई उद्योग चेम्बर अध्यक्ष जेपी गुप्ता ने भिलाई में उद्योगों पर लगाए जा रहे निर्यात कर के संबंध में नगरीय निकाय सचिव डॉ. बसवराजु एस तथा दुर्ग जिलाधीश अभिजीत सिंह से चर्चा की। चेम्बर पदाधिकारियों ने अधिकारियों को अवगत कराया कि निर्यात कर के नोटिस से उद्योग जगत में असमंजस और चिंता का वातावरण है। उद्योग पहले से ही आर्थिक दबाव का सामना कर रहे हैं, ऐसे में अतिरिक्त कर का बोझ उत्पादन और रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। उन्होंने आग्रह किया कि इस विषय पर शीघ्र समाधान निकालते हुए उद्योगों को राहत प्रदान की जाए। नगरीय निकाय सचिव और जिलाधीश ने प्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए सकारात्मक आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर जल्द ही पहल की जाएगी और शासन स्तर पर आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त कर उद्योगों को राहत देने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

## हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है खेल : विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



■ ग्राम डूमरडीह में क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का आयोजन

ग्राम डूमरडीह में अक्सा इलेवन द्वारा क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला उमरपोटी और खेदामारा टीमों के बीच खेला गया। इसमें उमरपोटी की विजयी रही। विधायक ललित चंद्राकर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन की बात कही। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और हमें हमेशा खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। इस अवसर पर सरपंच धर्मेंद्र बंजारे, पार्षद सोनू राजपूत, शिव ठाकुर, चंदू देवांगन, प्रवीण यदु, फत्तेलाल वर्मा, चंद्रहास चेलक आदि उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारण कर निरंतर आगे बढ़ने किया प्रेरित

# राज्य अल्पसंख्यक आयोग ने दुर्ग जिले के 115 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

छत्तीसगढ़ शासन के राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा जिला स्तर पर अल्पसंख्यक समुदाय के कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के लिए शैक्षिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर वार्षिक परीक्षा में 65 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के 115 विद्यार्थियों को आयोग की ओर से प्रमाण पत्र व उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा उपस्थित थे। छाबड़ा ने कहा कि शिक्षा ही सशक्त समाज की नींव है। अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिभावान छात्र-छात्राएं कठिन परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें। राज्य अल्पसंख्यक आयोग सदैव उनके मार्गदर्शन और सहयोग के लिए तत्पर है। उन्होंने



एक प्रेरक प्रसंग के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारण कर निरंतर आगे बढ़ने तथा देशहित में कार्य करने का संदेश दिया। इस अवसर पर अरविंदर सिंह खुराना अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा जिला दुर्ग ने विद्यार्थियों को शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ने, अपने माता-पिता और शिक्षकों के प्रति सम्मान बनाए रखने प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गुरदीप सिंह दुर्ग ट्रक मालिक संघ, सिंघारा सिंह सोढ़ी कोषाध्यक्ष दुर्ग ट्रक मालिक संघ, सिकंदर सिंह, दीपक चोपड़ा, हरदीप सिंह, गुरसिमरन सिंह, तनवीर अकिल जिला क्रीड़ा अधिकारी दुर्ग), शफी तथा प्रभा वर्मा प्राचार्य श्री महावीर जैन स्कूल दुर्ग का विशेष सहयोग रहा। मंच संचालन अनीस राजा द्वारा किया गया। शेफाली सोनी प्रभारी प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी अल्पसंख्यक आयोग शैक्षिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह तथा गुलनाज बानो सहायक नोडल अधिकारी ने आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### बालोद जिले में विकास की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा

**बालोद।** जनसेवक संजारी बालोद, संजारी बालोद विधानसभा प्रत्याशी, पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव ने बालोद जिले में महाविद्यालयो एवं खेल स्टेडियम के निर्माण के साथ गंगरेल बांध से तांदुला बांध तक लिंक नहर के निर्माण हेतु मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौंपा। पहले ज्ञापन मे कहा गया है कि जिला के समग्र विकास हेतु शिक्षा, स्वास्थ, कृशि एवं खेल अवसंरचना का सुदृढ़ीकरण आवश्यकता है। जिसमे चार मांगो के तहत चिकित्सा महाविद्यालय, कृशि महाविद्यालय, डीएड एवं बीएड शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, शासकीय घन"याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद में एक सर्वसुविधायुक्त खेल स्टेडियम का निर्माण की मांग की गई है। दूसरे ज्ञापन में कहा गया है कि गुरूर विकासखण्ड का जल स्त्रेत वर्तमान में डेंजर जोन मे है, जिसके कारण क्षेत्र में सिंचाई एवं पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। वर्शा ऋतु में गंगरेल बांध का अतिरिक्त जल नदी में प्रवाहित हो जाता है जिससे इस बहुमूल्य जल का समुचित उपयोग नही हो पाता। यदि गंगरेल बांध से तांदुला बांध तक लिंक नहर का निर्माण किया जाता है तो वर्षा का यह अतिरिक्त जल समुद्र में जाने के बजाय बालोद जिले एवं गुरूर विकासखण्ड के किसानो को सिंचाई हेतु उपलब्ध हो सकेगा। इससे जल संरक्षण सुनिश्चत होगा। सिंचाई क्षेत्र का विस्तार होगा तथा किसानो की कृषि उत्पादता एवं आय में वृद्धि होगी। इसलिए गंगरेल बांध से तांदुला बांध तक लिंक नगर के निर्माण हेतु अतिशीघ्र आवश्यक कार्यवाही किया जाए।

### निकुम में मेला मड़ई 20 जनवरी को

बालोद/निकुम। श्री सिद्ध पीठ दक्षिण मुखी हनुमान जी मंदिर बस्ती पारा निकुम में 20 जनवरी को मेला मंडई का आयोजन किया गया है, जिसमें रात्रि रात 9 छत्तीसगढ़ी नाच पूजा के फूल खलारी की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी ग्राम पंचायत निकुम सरपंच भागवत पटेल व योगेश साहू ने दी।

### गीता जयंती महोत्सव का आयोजन 16 जनवरी को

**गुरूर।** परिक्षेत्रिय कोसरिया यादव समाज के द्वारा गीता जयंती महोत्सव का आयोजन 16 जनवरी को ग्राम बोहरडीह मे रखा गया है। महोत्सव प्रातः 10 बजे से दीप प्रज्वलन, भगवान श्री कृष्ण जी की पूजा अर्चना एवं राऊत नाचा के साथ कलश यात्र से प्रारंभ होगी। मुख्य अतिथी प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख भाजपा आदित्य पिपरे होंगे एवं अध्यक्षता अध्यक्ष कोसारिया यादव समाज परिक्षेत्र कुलिया बिसनाथ यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथी कोसरिया यादव समाज महासभा बलोद हिमन लाला यादव एवं अध्यक्ष कोसारिया यादव समाज गुरुर सालिक राम यादव होंगे। मुख्य अतिथि सचिव परिक्षेत्र यादव समाज मरकटोला रामेश्वर सिंह यादव, सचिव कोसरीया यादव समाज गुरुर देवव्रत यादव, अध्यक्ष महिला प्रकोष्ट कुलीया जितेश्वरी यादव, पंच कोसरिय यादव समाज मीना बाई यादव, सरपंच ग्राम पंचायत बोहडएँह राजेंद्र प्रसाद साहू, अध्यक्ष ग्राम विकास समिती बोहरदिह हेमू नेताम, सचिव ग्राम विकास समिती गोवर्धन साहू, पवण सिन्हा एवं ग्रामवासी उपस्थित रहेंगे।

**कार्यक्रम :** शिक्षा और प्रशासनिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया

# कबीरपंथी साहू समाज का त्रिदिवसीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुण्डरदेही

■ 200 प्रतिभागियों ने मंच पर परिचय प्रस्तुत किया

छत्तीसगढ़ कबीर पंथी साहू समाज द्वारा 9, 10 व 11 जनवरी को आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में अंतिम दिवस युवक युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी जिला से कबीरपंथी साहू महिला पुरुष युवक युवती लगभग पांच हजार जनसंख्या में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत कबीर साहेब की आरती पूजा के साथ साथ भजन गायक गुरु शरण साहू के कबीर भजन से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम की उद्देश्य को प्रदेश महासचिव संतोष कुमार साहू ने विस्तार से रखा तत्पश्चात आए हुए सामाजिक पदाधिकारियों का उद्बोधन पश्चात छत्तीसगढ़ कबीरपंथी साहू समाज द्वारा प्रकाशित युवक युवती परिचय पुष्प का विमोचन समाज के सबसे अधिक उम्र 92 वर्षीय दीनदयाल गुरुजी निवासी चिवरी कुरुद के करकमलों से हुआ। उस समय मंच में पूरा प्रदेश पदाधिकारी जिला पदाधिकारी एवं महिला पदाधिकारी उपस्थित थे। कबीर साहेब के जय घोष के साथ पत्रिका का विमोचन किया गया। तत्पश्चात मंच के माध्यम युवक एवं युवती ने बारी बारी से अपना परिचय दिया इस सम्मेलन में लगभग 200 प्रतिभागी शामिल हुए।



इस कार्यक्रम मे अध्यक्ष राज्य भंडार गृह निगम व पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, प्रदेश भाजपा स्वच्छता अभियान के संयोजक शंभु साव, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, पुर्व विधायक राजेंद्र राय, विरेन्द्र साहू, डां दयाराम साहू, केशव साहू एवं बहुत से जनप्रतिनिधि मंच के माध्यम से कार्यक्रम की सराहना की। ज्ञात हो कि बालोद जिला में कबीरपंथी साहू समाज का यह पहला कार्यक्रम था। जिसके कारण कार्यक्रम में बहुत अधिक उत्साह का माहौल था। इस अवसर पर अध्यक्ष राज्य भंडार गृह निगम व पुर्व सांसद चंदु साहू ने कबीर पंथी समाज अन्य कमजोर स्वजातीय बंधुओ के उत्थान के लिए कार्य करने पर जोर दिया। छत्तीसगढ़ कबीरपंथी साहू समाज प्रदेश समिति द्वारा आयोजन समिति गुण्डरदेही को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही आयोजन समिति गुण्डरदेही द्वारा आए हुए सामाजिक पदाधिकारियों एवं अतिथियों का फुल माला एवं तिलक चंदन प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। सभी जनसमुदाय के लिए तीन दिन विशाल भोजन भंडारा का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी लोगों श्रद्धापूर्वक भोजन ग्रहण किए।

कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि सभी स्वजातीय कबीरपंथी साहू समाज के लोग शांति पूर्वक बैठकर कार्यक्रम का आनंद लिया इस मंच के माध्यम से महिलाओं का विशेष सम्मान किया गया और महिलाओं को अपनी बात रखने का पूरा मौका दिया गया ।इस कार्यक्रम की क्षेत्र में खूब चर्चा भी है। ऐसा सभ्य समाज शालीनता से अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया जो अन्य समाज के लिए अनुकरणीय है। कार्यक्रम का संचालन संतोष कुमार साहू प्रदेश महासचिव ने किया ।अंतिम में त्रिलोकी साहेब द्वारा चौका आरती किया गया।

कार्यक्रम का आभार आयोजन समिति अध्यक्ष सतीश कुमार साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बुजुर्गों का सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में अधिक अंक पाने वाले छात्र एवं छात्रओं को मैडल और प्रमाण पत्र दिया गया।

#### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

प्रतिभा सम्मान मे ग्राम जोरातराई वर्तमान निवास धनोरा के डिप्टी कलेक्टर देवेश प्रसाद साहू मे चयनित हुआ जो कि राज्य प्रशासनिक सेवा मे प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वही ग्राम मतवारी की बेटी निलिमा साहू ने संघ लोक सेवा परीक्षा मे आईएएस कलेक्टर बनकर वर्तमान मे सीईओ जिला पंचायत नवादा बिहार मे कार्यरत है। जो कि उनके परिवार के सदस्यो का सम्मान दिया गया, आर्या साहू को कनिष्ट अभियंता सीएसईबी बनने पर उनके मां तृप्ति साहू को और योषिता साहू को कनिष्ठ अधिकारी पावर ग्रीड कारपोरेशन इंडिया लिमिटेड बनने पर, उनके मां अंजु साहू व पिता सतीश साहू का सम्मान किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के उपाध्यक्ष गुलशन साहू, सचिव घनाराम साहू, छम्मन दास साहू, मिडिया प्रभारी भानु साहू, धिराज साहू, बल्दू साहू, केआर कुल्हारे, केवल साहू एंव प्रदेश जिला व गुण्डरदेही कबीर पंथी साहू समाज के पदाधिकारीगण व महिलाए उपस्थिति थे।

## विकास कार्यों की सौगात देने पहुंचे मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत, विभिन्न समाजों ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुण्डरदेही

गुण्डरदेही मे विभिन्न विकास कार्यो के लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम मे पंहुचे मुख्यमंत्री का विभिन्न समाज के पदाधिकारियो व जनप्रतिनिधिगण ने स्वागत सम्मान किया। इस दौरान डां मानसिंग सार्वा के नेतृत्व मे तहसील साहू संघ गुण्डरदेही, नीलकंठ टंडन के नेतृत्व मे तहसील सतनामी समाज, सतीश साहू के नेतृत्व मे कबीर पंथी साहू समाज व अन्य समाज के पदाधिकारियो ने मुख्यमंत्री को फोटो फ्रेम व मूर्ति भेंट किया।

## जिला अधिवक्ता संघ के सुनील बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव मे सुनील सोनी अध्यक्ष चुने गए। जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव 12 जनवरी को संपन्न था, सोमवार को हुए मतदान में 275 मतदाताओ में 253 मतदाताओ ने मतदान किया था। जिसकी मतगणना 13 जनवरी को सुबह 11 बजे से ही किया गया। जिसमे विभिन्न सात पदो के लिए डाले गए मतो की गणना की गई।





चुनाव अधिकारी अधिवक्ता आरएम अग्रवाल ने बताया अध्यक्ष के तीन प्रत्याशी मैदान में थे, जिनमे से छन्नू साहू को 116 मत मिले, सुनील सोनी को 121 मत, महिला प्रत्याशी में अनिता को 16 मत डाला गया था, इस प्रकार अध्यक्ष पद के लिए सुनील सोनी 05 मतो से विजयी रहे। उपाध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी मैदान में थे, जिसमे पुनीत देशमुख को 113 मत व भेश कुमार साहू को 130 मत तथा 10 नोटा मत पड़े इस प्रकार 17 मतो से भेश कुमार साहू विजयी हुए। वही क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक सचिव के पद के लिए दो प्रत्याशियो गंगाधर सोनबरसा को 105 मत तथा खगे"वर नंद को 146 मत मिले, इस प्रकार खगे"वर नंद 41 मत से विजयी हुए।

वही कोशाध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी मैदान में थे, जिसमे विजय कुमार बारले को 122 मत व कैलाश सिन्हा को 131 मत तथा 01 नोटा मत पड़ा, इस प्रकार 10 मतो से कैलाश सिन्हा विजयी हुए। वही सचिव पद के लिए दो प्रत्याशी मैदान में थे, जिसमे भगवती साहू को 95 मत तथा अनिल योगी को 156 मत तथा 2 नोटा मत पड़े, इस प्रकार 61 मतो से अनिल योगी विजयी हुए। वही कार्यकारिणी सामान्य में सात प्रत्याशी मैंदान में थे जिनमे पहले पांच जिन्होने अधिक मत प्राप्त किये, वही सामान्य पांच की कार्यकारिणी के लिए चुने गए। जिसमे से डेविड को 191 मत, जितेन्द्र कुमार साहू को 165 मत, अनिश को 149 मत, लले"वर चक्रधर को 140 मत, आशुतोश को 132 मत, धाने"वर को 111 मत, खोमे"वर को 121 मत प्राप्त हुए। वही महिला कार्यकारिणी में दो प्रत्याशी मैदान में थे, जिनमे रि"म को 34 मत तथा नर्मदा को 162 मत प्राप्त हुए।

वही मतो की गणना देर शाम तक चलने के कारण विजयी प्रत्याशियो को प्रमाण पत्र प्रदान नही किया गया है तथा आज बुधवार को उन्हे प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इस दौरान सुबह से शाम तक जिला अधिवक्ता कक्ष में मतो की गणना देखने अधिवक्ताओ की भीड़ जुटी रही।

## जामगांव महाविद्यालय में कौशल विकास प्रशिक्षण का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर

शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर में एक सप्ताह तक चले कौशल उद्यमिता विकास कार्यक्रम जो आर से टी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग और बैंक ऑफ़ बड़ौदा के माध्यम से प्रारंभ हुआ था का समापन सत्र विद्यार्थियों के आत्म विश्वास से सराबोर रहा।




प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल एवं जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष नरेश केला मार्गदर्शन में प्रशिक्षण संपन्न हुए। सफल छात्रओं को आर से टीके संचालक गुलशन सिंह ने प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए निर्मित उत्पाद साबुन, कैंडल डिशवॉशर, अगरबत्ती हार्पिक आदि का विक्रय करने सहयोग का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम की संयोजक उद्यमिता एवं प्लेसमेंट प्रभारी चेतना सोनी, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ आबिद हसन खान एवं आईक्यूएसी प्रभारी डॉ अरुणेंद्र तिवारी प्रभावी प्रेरणा देते हुए कहा कि भविष्य में अपना उद्यम और छोटे मुद्रा ऋण प्राप्त करके स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ कर सकते हैं। सभी विद्याथएँ आगे भी अन्य विधाओं को सीखने के लिए उत्सुक दिखे।

प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा शीघ्र ही अचार, पापड़, जैम जेली की बैच भी प्रारंभ की जा रही है जिसमें महाविद्यालय की छात्रओं के साथ आस पास की ग्रामीण महिलाएं भी इस प्रशिक्षण का लाभ उठा सकती हैं। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क है और इसमें अनेक प्रकार की विधाओं के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा आर से टी के संयोजक और संचालक को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन चेतना सोनी ने किया।

## शिशु मंदिर भोथली में मातृ सम्मेलन एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

सरस्वती शिशु मंदिर भोथली में मातृ सम्मेलन एवं वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू थी। अध्यक्षता सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने किया। विशेष अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत भोथली चुन्नी साहू, उप सरपंच खिलेश्वर साहू, सचिव आमीन कलिहारी, संरक्षक परिक्षेत्रीय साहू समाज धनेली चंद्रहास अठभैया, साहू कृषि केंद्र भोथला उमराव साहू, डॉ धीरपाल अठभैया, ईश्वर साहू, घासीराम साहू, जसवंत साहू, दीप रेखा यादव, एवन साहू के आदित्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ।इस अवसर पर मां सरस्वती के तैल चित्र का पूजा अर्चना किया गया, तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल महिलाओं का खेल खुद मटका फोड़, बिंदी लगाओ और कुसएँ दौड़, रास्साकशी भी हुआ। लक्ष्मी अशोक साहू ने कहा छोटे-छोटे बच्चों का भविष्य बनाने के लिए हमें पढ़ाई में विशेष ध्यान देना चाहिए और शिक्षक पालक सभी बच्चों के प्रति विशेष ध्यान दें।



सभापति डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने कहा सरस्वती शिशु मंदिर में के बच्चों को संस्कार कूट-कूट कर भरा रहता है और यहां के बच्चे हिंदू रीति रिवाज को बहुत अच्छे ढंग से मानते हैं बच्चों को विशेष आग्रह किया की पढ़ाई में अच्छा से ध्यान दें और अपना भविष्य बनाएं। इस प्रकार सभी अतिथियों ने अपनी उद्बोधन के माध्यम से बच्चों की भविष्य का निर्धारण पर चर्चा किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अश्वनी हिरवानी, तेजस्विनी साहू, कामिनी साहू, खुशबू साहू एवं ग्राम के माताएं भाइयों बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन तेजेश्वरी साहू ने किया और आभार अश्वनी हिरवानी प्रधानाचार्य ने किया।

### युवा ऊर्जा का जीवंत उदाहरण, प्रमाण पत्र से किया सम्मानित

## दुधली में राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

दुधली में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी में 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान के लिए रोवर्स-रेंजर्स, स्काउट्स एवं गाइड्स की लंबी कतारें लग गई और पूरा जंबूरी परिसर सेवा भाव से सराबोर नजर आया।





छत्तीसगढ़, हरियाणा, राजस्थान एवं अन्य प्रांतों से आए से आए रोवर- रेंजर्स ने बढ़-चढ़कर रक्तदान कर स्वामी विवेकानंद के "उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको" के संदेश को चरितार्थ किया। युवाओं ने यह सिद्ध कर दिया कि आज की पीढ़ी केवल बातों में नहीं, बल्कि कर्म से राष्ट्र निर्माण में विश्वास रखती है। जंबूरी कैम्प में निर्मित अस्थायी अस्पताल में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय एसएचक्यू एवं राष्ट्रीय मुख्यालय एनएचक्यू के तत्वावधान में स्व अटल बिहारी बाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, राजनांदगांव तथा रेडक्रॉस सोसायटी की संयुक्त टीम द्वारा विधिवत एवं सुरक्षित रूप से रक्तदान कराया गया। चिकित्सा टीम की सतर्कता और सुव्यवस्थित प्रबंधन से शिविर पूर्णतः सफल रहा।

रक्तदान करने वाले सभी युवाओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर यह संदेश स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आया कि स्काउटिंग केवल प्रशिक्षण या अनुशासन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज और मानवता के लिए समर्पण का जीवंत उदाहरण है। राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित यह रक्तदान शिविर जंबूरी की सबसे प्रेरणादायी गतिविधियों में शामिल रहा, जिसने युवाओं में सेवा, त्याग और राष्ट्रप्रेम की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया।

## जंबूरी में गूंजा नया अभिवादन "जय जंबूरी", बना एकता का प्रतीक

**बालोद।** छत्तीसगढ़ को अपने अतिथ्य सत्कार के लिए जाना जाता है। इसे प्रभु श्री राम का ननिहाल माना जाता है तथा श्री राम जी का वनवास का बहुत बड़ा समय छत्तीसगढ़ में बीता, इसलिए यहां जब भी अभिवादन किया जाता है तो राम-राम बोलकर अभिवादन किया जाता है। यहां की आतिथ्य सत्कार की पुरे देश में एक विशिष्ट स्थान रहा है। यहाँ एक दूसरे मिलते हैं तो जय जोहार या राम-राम बोलकर अभिवादन करने की परम्परा रही है, मगर प्रथम रोवर-रेंजर जंबूरी में अभिवादन का एक नया स्वरूप देखने को मिला। जब रोवर रेंजर एक दूसरे से मिले तो जय जंबूरी बोलकर अपना अभिवादन करते हैं। यह जय जंबूरी एक ऐसा उद्घोष बन गया जो जाति, धर्म, लिंग, भाषा, बोली, कला, संस्कृति के भेद को मिटा कर सबको एक सूत्र में पिरोया। जब जय जंबूरी कह कर एक दूसरे से मिलते हैं तो एक आत्मीयता का बोध होता है। जय जंबूरी के दो लफ्ज़ जाति, धर्म, प्रान्त, भाषा, बोली के सारे भेद को मिटा कर सारे भारतीय को एक सूत्र में बांध देता है। जुबां पे जय जंबूरी और चेहरे पर मीठी मुस्कान दो अनजान को परिचय का सारा पता बता देता था।

### राघो नवागांव में 15 जनवरी से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक के राघो नवागांव में सुधाकर परिवार एवं ग्रामीणों द्वारा 15 जनवरी से 23 जनवरी तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथावाचक पंडित केशव शर्मा (छोटे महाराज) खामभाट वाले होंगे। परायणकर्ता पंडित राजेंद्र शर्मा हैं। यज्ञकर्ता संगीता नीरज सुधाकर है। प्रथम दिवस कलश यात्रा, जलसा वेदी पूजन एवं गोकर्ण कथा होगी। कथा के 23 जनवरी नौवे दिन गीता अमृत तुलसी वर्षा एवं क्षमा याचना होगी। कथा के मुख्य यजमान पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रप्रभा सुधाकर हैं। कथा प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से हरि इच्छा तक होगी।



SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं का नववर्ष मिलन समारोह कुथरेल में आज

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए नववर्ष के अवसर पर एक विशेष मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दिनांक 14 जनवरी को ग्राम कुथरेल स्थित चंद्रकार भवन में संपन्न होगा। इस



नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री एवं दुर्ग ग्रामीण के पूर्व विधायक ताम्रध्वज साहू के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ नेता बड़ी संख्या में शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10:30 बजे होगी। इसके पश्चात आपसी संवाद, संगठनात्मक चर्चा एवं नववर्ष की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया जाएगा। दोपहर 1:00 बजे भोजन व्यवस्था रखी गई है, जिसके बाद कार्यक्रम का समापन होगा। इस आयोजन के माध्यम से कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करने तथा आगामी राजनीतिक रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इस कार्यक्रम के आयोजक एवं आमंत्रक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर हैं, जिन्होंने क्षेत्र के सभी सम्मानित कांग्रेसजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### मछुआरा समाज युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बने बिरेंद्र

**अंडा।** अखिल भारतीय आदिवासी कश्यप कहार निषाद भोई समन्वय समिति राष्ट्रीय संयोजक राजाराम कश्यप जी ने कई राज्यों के संगठन प्रकोष्ठों का विस्तार नियुक्त किया गया है इस प्रकार



बिरेंद्र कुमार निषाद ग्राम कोटनी जिला दुर्ग निवासी को छत्तीसगढ़ युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पद पर नवीन दायित्व सौंपा गया है। राष्ट्रीय संयोजक राजाराम कश्यप राष्ट्रीय कार्यकारि अध्यक्ष बाबा मार्तंड सिंह मांझी राष्ट्रीय युवा मोर्चा अध्यक्ष नीरज कश्यप तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुंवर सिंह निषाद व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप केवट संरक्षक नेहरू राम निषाद महामंत्री मोतीलाल हिरवानी और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री कोमल देव निषाद को विरेन्द्र कुमार निषाद शीर्ष नेतृत्व को आभार व्यक्त किया तथा बड़ी जिम्मेदारी मिलने के बाद दुर्ग सहित छत्तीसगढ़ में मछुआरा समाज में हर्ष का माहौल है समाज के वरिष्ठ पदाधिकारीयों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## निधन

### राजेंद्र तिवारी

**डौंडीलोहारा।** भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता, भूतपूर्व सरपंच एवं पूर्व मंडल महामंत्री देवरी (बड़गांव) निवासी राजेंद्र तिवारी पिता स्व.



गिरवर प्रसाद तिवारी 58 वर्ष का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार 12 जनवरी को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, परिवार जन व स्थानीय ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : सत्य, धर्म, कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया**

# रामायण मर्यादित जीवन जीने का आदर्श मार्ग : विधायक संगीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

ग्राम पंचायत हसदा में त्रिदिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन के समापन समारोह की मुख्य अतिथि संजारी बालोद विधानसभा विधायक संगीता सिन्हा थी। अध्यक्षता अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर तामेश्वर साहू ने किया। विशेष अतिथि विधायक प्रतिनिधि जनपद पंचायत गुरूर टोमन साहू, सरपंच हसदा धनंजय नेवारे, निज सचिव विधायक कार्यालयदेव कुमार साहू, सेक्टर अध्यक्ष सनौद उमेश कुमार साहू, हिमांशु लावत्रे उपस्थित थे।

■ धार्मिक आयोजनों से गांव में शांति, भाईचारा और एकता का विकास होता है

**रामायण से मिलती है जीवन जीने की सीख-** संजारी बालोद विधानसभा विधायक संगीता सिन्हा ने अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हसदा मे मानस प्रचार समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विधायक संगीता सिन्हा ने आयोजक समिति एवं समस्त ग्रामवासी को सफल धार्मिक आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा की रामायण से सबको सिख लेना चाहिए। रामायण कोई कहानी नहीं है, यह जीवन को जीने का माध्यम है। कैसे हम मर्यादा में रह कर आचरण करें, पारिवारिक रिश्ते–नातों को निभाएं और मर्यादापुरुषोत्तम बने। रामायण से हमें सत्य, धर्म, कर्तव्यनिष्ठा, त्याग, और मर्यादा जैसे नैतिक मूल्यों की सीख मिलती है, जो सिखाती है कि बुराई पर अच्छाई की जीत होती है और रिश्तों, अनुशासन व अच्छे आचरण से जीवन को आदर्श बनाया जा सकता है, जिसमें माता–पिता का सम्मान, भाईचारे और विपरीत परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखना प्रमुख है।

रामायण से ही परिवार, और भाई भाई मे मेल सहयोग की सिख मिलती है, धार्मिक आयोजनों से ही गांव मे शांति भाईचारा एकता का भाव उत्पन्न होता है, विधायक ने कहा कि वास्तव मे एक माँ और पिता अपने चार बच्चों का लालन–पालन बड़े ही सुन्दर ढंग और बिना किसी तकलीफ के कर लेते हैं, लेकिन वही बच्चे जब बड़े होकर माता पिता को बांटने लगते हैं और उनका लालन–पालन नहीं कर पाते हैं, तो बहुत ही तकलीफ होती है। हम रामायण तो सुन लेते हैं पर रामायण में कही हुई बातों को अपने असल जिंदगी में चरितार्थ नहीं कर पाते। उन्होंने सभी से निवेदन किया कि आप सभी अपने माँ और पिता एवं बुजुर्गों का सम्मान करे उन्हें अच्छा पारिवारिक माहौल दें, ताकि उनकी जिंदगी शांति एवं सुकून से बीते। साथ ही साथ बाजार चौक के पास टीना शेड निर्माण एवं सीमेंटी करण जैसे गाँव मे विकास कार्यों के लिए आश्वासन भी दिया। इतने व्यस्त कार्यक्रम से समय निकाल विधायक जी एडवोकेट एन कुमार साहू के परिवार से भी मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम जाना और बिटिया रानी को आशीर्वाद भी दिया।

**गणमान्य नागरिकों की रही गरिमामय उपस्थिति**



कार्यक्रम मे पूर्व सरपंच नरेंद्र साहू, ताराचंद भेंसले, हूमान प्रसाद साहू, दीनदयाल साहू, जागेश्वर भेंसले, एगेश्वर भेंसले, नन्द कुमार सेन, प्रीतम पटेल, यमन कुमार, रेखराम निर्मलकर, दिग्विजय सेनपाल, सेवा राम साहू, टुकेश कुमार साहू, पूर्व सरपंच पूर्णिमा सोनबेर, युगल किशोर बंशीलाल साहू, केवल सिंह, छबी कुमार, वेदप्रकाश भेंसले सेवा निवृत्त शिक्षक, बाबूलाल साहू बोहारा सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## स्वस्थ जीवन के लिए खेल की महत्वपूर्ण भूमिका : ताम्रध्वज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम भानपुरी में आयोजित 69वां वर्ष राज्य स्तरीय कब्बडी एवं चौसर प्रतियोगिता में अतिथि के रूप में प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू शामिल हुये और सभी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन व उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा की शिक्षा के साथ-साथ खेल भी हमारे मानसिक व शारीरिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है।उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति की दिनचर्या में खेल को शामिल किया जाना चाहिए। आज के भागदौड़ और प्रतिस्पर्धा के दौर में अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना अत्यंत आवश्यक है, और स्वस्थ जीवन के लिए खेल की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजनों से ग्रामीण अंचलों की प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है। खेल जीवन का अभिन अंग है जो हमारे शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता जैसे गुण भी विकसित करता है। खेल हमें कठिनाइयों का सामना करने और हार-जीत को समान रूप से स्वीकार करने की शिक्षा देता है। इससे आत्मविश्वास बढ़ता है और तनाव कम होता है। कब्बडी प्रतियोगिता के प्रथम स्थान ग्राम मतवारी,दूसरे स्थान ग्राम भानपुरी,तृतीय स्थान ग्राम भरदा,चतुर्थ स्थान ग्राम सिलोदा को प्राप्त किया। इस अवसर पर सरपंच भानपुरी उमेदी ठाकुर, हरिशंकर देशमुख, विक्रमावत देशमुख (उपसरपंच) बंशी ठाकुर, खम्हन साहू, राधेरमन देशमुख, शोभा देवांगन घनश्याम देशमुख,अनिल देशमुख, अध्यक्ष आशीष शर्मा, सचिव सोनू देशमुख सुदेश ठाकुर ,कोषाध्यक्ष संजय साहू समस्त पंचगण भानपुरी सहित खिलाड़ी गण एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या मौजूद थे।

## त्रि-दिवसीय मानस गान सम्मेलन का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

नव जागरण युवा शक्ति समिति बोरिदकला द्वारा त्रि दिवसीय मानस गान सम्मेलन का आयोजन 9 से 11 जनवरी तक किया गया। जिसमे 9 जनवरी को दीप प्रज्वयल एवं शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि कार्यपालक अभियंता जल संसाधन विभाग भुपेन्द्र मगेन्द्र थे। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत बोरिदकला लेख बाई सिन्हा ने किया। विशिष्ट अतिथि उपसरपंच ईशु मंडावी, नरेन्द्र सिन्हा, जितेन्द्र मगेन्द्र, सोमेन्द्र साहू, शत्रुघन सिन्हा, कांत प्रसाद सिन्हा, पंचायत सचिव हीरू राम सिन्हा, बीएसपी रामचंद मंडावी, गोकुल सिन्हा, दिलीप सिन्हा, छगेन्द्र मंडावी एवं पंच व ग्रामवासी उपस्थित थे।






समापन समारोह में 12 जनवरी को मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू थी। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य सभापति बालोद कृशि विभाग तेजराम साहू, महामंत्री भाजपा मंडल पुरूर राकेश सिन्हा, नेत्र सहायक अधिकारी अनिल सिन्हा, पूर्व सरपंच गजानंद मरकाम, दुष्यंत कुमार सिन्हा, भीखम सिन्हा, दिनेश मगेन्द्र, भुवन सिन्हा, भुवने"वर ढ़ीमर, सुरेश साहू, दिनेश मगेन्द्र, रामलाल निर्मलकर, सागर निर्मलकर एवं पंच तथा ग्रामीण उपस्थित थे। समिति में संरक्षक मन्नू सेन, अध्यक्ष डिकेश साहू, उपाध्यक्ष मुरली कुमार सिन्हा, कोशाध्यक्ष चतुर सिंह हिरवानी, सचिव डॉ नीलकमल सिन्हा, संचालक मनोज सिन्हा, सदस्य कमल किशोर, योगेश निर्मलकर, बब्बू शेण्डे, प्रीयेश मंडावी, धर्मेन्द्र साहू, खोमन नेताम, संत राम सिन्हा, विक्रम सिन्हा, योगेश सिन्हा, खिलेन्द्र सिन्हा, गुलाब निर्मलकर, खिलेन्द्र कामड़े, नीलेश साहू उपस्थित थे।

## अंडा व निकुम विद्यालय में सड़क सुरक्षा साइबर फ्रॉड पर विधिक साक्षरता शिविर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

न्याय सबके लिए के उद्देश्य को लेकर विधिक साक्षरता शिविर के अंतर्गत सड़क सुरक्षा एवं साइबर फ्रॉड से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अंडा, स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम विद्यालय निकुम तहसील एवं जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) में किया गया।

यह कार्यक्रम द्विजेंद्र नाथ ठाकुर, सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, दुर्ग के मार्गदर्शन एवं अंडा पुलिस के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को यातायात नियमों एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को सड़क पर सुरक्षित चलने के तरीके, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग तथा यातायात नियमों के पालन के महत्व की जानकारी दी गई। इसके साथ ही दुर्घटनाओं से बचाव हेतु सावधानी बरतने पर विशेष जोर दिया गया।

साइबर फ्रॉड के विषय में छात्रों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, लिंक और मैसेज के माध्यम से होने वाले धोखाधड़ी के तरीकों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को ओटीपी, बैंक विवरण एवं व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करने, अनजान कॉल और संदिग्ध लिंक से दूर रहने तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अंडा थाना प्रभारी पारस ठाकुर, उपनिरीक्षक तुलसीराम साहू, आरक्षक तेजेश्वर साहू, भीषम करैत, रामशरण साहू, योगेश श्रीवास्तव

सहित पुलिस स्टाफ की सक्रिय उपस्थिति रही। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताया। अंत में छात्रों से अपील की गई कि वे स्वयं जागरूक बनें और अपने परिवार एवं समाज को भी सड़क सुरक्षा और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें।

**शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने किया विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन**

## विद्यार्थियों ने किया रोवर रेंजर जबूरी की गतिविधियों का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा



विकासखंड के ग्राम दुधली में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी के विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन करने शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बड़गांव के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण में सहभागिता की। इस भ्रमण का नेतृत्व प्रधान पाठक भूधर दास जोशी के साथ शिक्षक संतोष कुमार देवांगन, शैलजा मार्टिन, हेमलता केशरा, भुवन सिंह कोसिमा एवं पीलू राम साहू के मार्गदर्शन में किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने देश के विभिन्न राज्यों द्वारा लगाए गए आकर्षक स्टालों का अवलोकन किया, जहां उन्हें अलग-अलग प्रदेशों की संस्कृति, लोककला, सामाजिक परंपराओं तथा पारंपरिक खान-पान की महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हुईं। इस शैक्षणिक यात्रा के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता एवं विविधता में एकता का जीवंत अनुभव हुआ। पांच दिवसीय जंबूरी कार्यक्रम के चतुर्थ दिवस आयोजित समापन समारोह में प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रस्तुत रंगारंग, नयनाभिराम नृत्य प्रस्तुतियों एवं भव्य झांकियों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। संपूर्ण जंबूरी कार्यक्रम ने प्रतिभागियों एवं आगंतुकों पर गहरी छाप छोड़ी। शाला परिवार ने इस शैक्षणिक भ्रमण को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक पहल बताया।

## वित्तीय प्रबंधन व चार्टेड एकाउंटेंट शिक्षा पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा




वित्तीय प्रबंधन एवं चार्टेड एकाउंटेंट की शिक्षा में बेहतर भविष्य बनाने के लिए अर्थशास्त्र के व्याख्याता अविनाश कुमार साहू के समन्वय एवं करियर काउंसलर सीए पूजा जैन ने विद्यार्थियों को चार्टेड एकाउंटेंट पाठ्यक्रम के संबंध में बताया कि बारहवीं कक्षा के बाद वाणिज्य विषय के साथ साथ अन्य विषय के विद्यार्थी भी इस पाठ्यक्रम को पूर्ण करके सरकारी एवं निजी संस्था में नौकरी कर सकते हैं। साथ ही साथ स्वयं का व्यवसाय कर आयकर फाइलिंग और वित्तीय प्रबंधन सेवा प्रदाय कर एक बेहतर आय का स्त्रोत बना सकते हैं। विद्यार्थियों ने आय व्यय के प्रबंधन के बारे मे सिखा और भविष्य में इससे

**विद्यार्थियों को मिला करियर मार्गदर्शन**

संबंधित पाठ्यक्रम में हिस्सा लेने की अभिरुचि दिखाई। संस्था के प्राचार्य वीरेंद्र कुमार भंडारी ने इस कार्यशाला के सफल संचालन और बच्चों को इस क्षेत्र में आगे आने की जानकारी के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। व्याख्याता प्रदीप कुमार मेश्राम एवं राकेश कुमार कोठारी ने कार्यशाला में उपस्थित बच्चों को वाणिज्य के क्षेत्र में अग्रसर होने की प्रेरणा दी। कार्यशाला को डिजिटली प्रस्तुत करने के लिए सूर्योदय मानिकपुरी के द्वारा तकनीकी सेवा प्रदाय की गई। इस कार्यशाला पर संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता एल के ठाकुर, आर एस देशमुख, डी आर साहू, संगीता वैदे, पुष्पा कटेंद्र, रीना मंडल, डुप्ले साहू, आर एन योगी, तेजेश्वरी साहू, लवण साहू, भूपेंद्र पटेल, वीरेंद्र नायक, कपिल पटेल, सहित सभी शिक्षकों ने प्रशंसा व्यक्त की।

## विवेकानंद स्कूल में हुआ वार्षिक उत्सव व पदक वितरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा



वनांचल क्षेत्र के ग्राम रेंगाडबरी स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल में मंगलवार को वार्षिकोत्सव एवं पदक वितरण समारोह का आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, लोकनृत्य, समूह नृत्य एवं प्रेरणादायक गीतों पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। वार्षिकोत्सव के दौरान शिक्षा, खेलकूद, अनुशासन एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना एवं उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा।

इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक बबलू साहू ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए। बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु सांस्कृतिक, नैतिक एवं शारीरिक गतिविधियां भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच 11 फरवरी, 18 मार्च
08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411




By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मार्च 2026
11 दिन की यात्रा
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
राशिः स्लीपर-20500/- ऑफर 18,501/-, 3AC-29,501/- ऑफर 28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)